# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 15-6.23 | 4 | 1-2 |

## तीन दिवसीय केंचुआ उत्पादन प्रशिक्षण 19 से शुरू

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से 'केंचुआ उत्पादन तकनीक' विषय पर 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए संस्थान में 19 जून को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाएं। ब्यूरो

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 15.06.2023 | -- | -- |

# एचएयू में तीन दिवसीय केंचुआ उत्पादन प्रशिक्षण 19 से शुरु

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 'केंचुआ उत्पादन तकनीक' विषय पर 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिंला व पुरुष भाग ले सकते हैं।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 'केंचुआ उत्पादन तकनीक' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में केंचुआ की विभिन्न प्रजातियों, इनसे खाद तैयार करने की आधुनिक तकनीक, रख-रखाव, जैविक व अजैविक समस्याएं और उनके निदान, पैंकिग, मार्केटिंग, आर्थिक विश्लेषण, सरकार द्वारा प्रदत सहायता इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की केंचुआ खाद इकाई/केंचुआ खाद के प्रगतिशील उत्पादक की इकाई का भी भ्रमण करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीनों दिन भाग लेने वाले उम्मीदवारों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि



प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 19 जून को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाएं, जिसके बाद वे प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। यह प्रशिक्षण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 14.06.2023 | -- | -- |

# एचएयू में तीन दिवसीय केंचुआ उत्पादन प्रशिक्षण 19 से शुरु

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 'केंचुआ उत्पादन तकनीक' विषय पर 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकते हैं। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 'केंचुआ उत्पादन तकनीक' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में केंचुआ की विभिन्न प्रजातियों, इनसे खाद तैयार करने की आधुनिक तकनीक, रख-रखाव, जैविक व अजैविक समस्याएं और उनके निदान, पैंकिग, मार्केटिंग, आर्थिक विश्लेषण, सरकार द्वारा प्रदत सहायता इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की केंचुआ खाद इकाई/केंचुआ खाद के प्रगतिशील उत्पादक की इकाई का भी भ्रमण करवाया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15.6.23 | 4 | 5-7 |

# भिंडी की जून-जुलाई में करें बिजाई, 45 दिन बाद लें फसल, एक एकड़ में 1 से डेढ़ लाख रुपए की कमाई


## भिंडी की प्रमुख किस्म वर्षा उपहार व हिसार नवीन का करें प्रयोग

यशपाल सिंह | हिसार

भिंडी बरसात के मौसम की प्रमुख फसलों में से एक है। इसकी बिजाई जून-जुलाई में करें। भिंडी की औसतन पैदावार 40 क्विंटल प्रति एकड़ है। यदि औसतन भी रेट रहे तो 1 एकड़ से किसान एक से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा की पैदावार ले सकता है। खेत की तैयारी अच्छे तरीके से होनी चाहिए व बिजाई से लगभग 3 सप्ताह पहले गोबर की खाद डालकर खेत में अच्छे से जुताई करें। खेत को उचित नाप की क्यारियों में बांटे व क्यारियों में पानी जमा न होने दें। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा ने बताया कि हिसार नवीन किस्म बिजाई के 45-47 दिन बाद फल देना आरंभ कर देती है तथा इसकी औसतन पैदावार 40-45 क्विंटल प्रति एकड़ है। भिंडी की प्रमुख किस्म वर्षा उपहार व हिसार नवीन जो पीलिया रोग के प्रति रोगरोधी हैं।

### ऐसे करें भिंडी की बिजाई

सब्जी विज्ञान विभाग की सहायक वैज्ञानिक डा. अर्चना ने बताया कि वर्षा ऋतु की भिंडी की फसल के लिए 5 से 6 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ के हिसाब से बिजाई करें। फसल के लिए कतार से कतार का फासला 45-60 सेंटीमीटर तथा पौधे से पौधे का फासला 30 सेंटीमीटर रखें। बिजाई से पहले बीज को रातभर पानी में भिगो दें। भिगोने के बाद बीज को लगभग एक घंटा छाया में सूखा कर बिजाई करें। बिजाई के लगभग 3 सप्ताह पहले 10 टन गोबर की खाद प्रति एकड़ डालें।



### अच्छी पैदावार के लिए बीमारियों के प्रकोप से बचाएं

1. पीला रोग सफेद मक्खी से फैलने वाला विषाणु रोग है। इस रोग में पत्तों की शिरायें पीली हो जाती है। फल पीले व कम लगते हैं। वर्षा उपहार में पीला रोगरोधी क्षमता है।

2. जड़ गलन में छोटे पौधों का बढ़ना रुक जाता है। पौधे पीले और जड़ गल जाती है। बीज का उपचार 2-3 ग्राम बाविस्टिन या कैप्टान को प्रति किमी बीज में मिलाकर करें।

3. जड़ गांठ रोग में प्रभावित पौधे पीले व बौने दिखते हैं। जड़ों में गांठें बन जाती है। बचाव के लिए उन्हीं खेतों में भिंडी, टमाटर, मिर्च व कद्दू वर्गीय सब्जियों की काश्त न करें। गर्मियों में 2 से 3 बार गहरी जुताई करें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 14.06.2023 | -- | -- |

# एचएयू के 11 विद्यार्थियों का 'स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड' और 'मैशियो गैसपारडो प्राइवेट लिमिटेड' में चयन

## विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 14 जून** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा एरिया सेल्स मैनेजर तथा इटालियन कंपनी 'मैशियो गैसपारडो प्राइवेट लिमिटेड' की भारत में स्थापित शाखा मैशियो गैसपारडो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंजीनियर ट्रेनी पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों का स्टार एग्री सीड्स और 5 विद्यार्थियों का मैशियो गैसपारडो में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी चयनित विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर किया गया था। स्टार एग्री सीड्स में चयनित विद्यार्थियों को 4-5 लाख रुपये वार्षिक और मैशियो गैसपारडो में चयनित विद्यार्थियों को 3-4 लाख रुपये वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने चयनित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड में चयनित विद्यार्थियों में एम.बी.ए. से अजय शर्मा, गौरव, योगेंदर सिंह, प्रभजीत सिंह, ऋतिक यादव व गुरविंदर सिंह शामिल है तथा मैशियो गैसपारडो में चयनित विद्यार्थियों में बी.टेक. (एग्री. इंजीनियरिंग) से अनिल कुमार, रामकिशोर, प्रिंस गोयत, नमन संदीप सिंह तथा जतिन करन सिंह शामिल है। इस अवसर पर छात्र कल्याण (काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट) में सह निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हम विश्वविद्यालय में छात्रों की प्लेसमेंट के लिए भारतीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को बुलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।